तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 27 अगस्त 2025

4 भारी वाहनों के चलने से सड़क बद से बदतर, आवागमन में हो रही परेशानी





### घायलों का केजीएच और निजी अस्पताल में चल रहा इलाज, दुकान संचालक फरार

# एनटीपीसी गेट के सामने किराना स्टोर में अवैध गैस रिफलिंग, लीकेज के बाद लगी आग, 7 श्रमिक झुलसे









हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

एनटीपीसी लारा के सामने किराना दुकान की आड़ में अवैध रूप से गैस रिफलिंग का काम चल रहा था। इस दौरान वहां गैस लीकेज होने से अचानक आग लग गई। जिससे गैस भराने गए एनटीपीसी के 7 श्रमिक गंभीर रूप से झुलस गए। जिन्हें इलाज के लिए केजीएच और निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं इस घटना के बाद दुकान संचालक फरार है।

दरअसल, एनटीपीसी लारा के सामने तेजराम किराना स्टोर छपोरा वाले संचालित है। संचालक द्वारा दुकान की आड़ में यहां सालों से अवैध रूप से गैस रिफलिंग का काम किया जा रहा है। बिना सुरक्षा उपायों के यह काम बेखौफ जारी है। खास बात यह है कि इसकी जानकारी खाद्य विभाग तक को नहीं है। क्योंकि विभागीय अधिकारियों के पास फिल्ड पर निकलने, दुकानों का निरीक्षण करने की फुर्सत ही नहीं है। इसी लापरवाही का खामियाजा एनटीपीसी के श्रमिकों को भुगतना पड़ा है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सोमवार की देर शाम एनटीपीसी में काम करने वाले श्रमिक अपने लेबर रूम में पहुंचे और खाना बनाने की तैयारी करने लगे तो सिलेंडर में गैस खत्म हो गया था। इसके बाद वो इसी किराना दुकान में गैस भराने पहुंचे। रिफलिंग के दौरान यहां गैस लीकेज हो रहा था, इसी बीच अचानक आग लग गई। जिससे वहां बैठे सारे श्रमिक आग की चपेट में आकर झुलस गए और मौके पर अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो किराना दुकान से लगे दो और भी दुकान हैं और उस समय वहां भी लोगों की मौजूदगी थी। इस घटना के बाद लोग 10 फीट दुकान के उपर से नीचे सड़क पर कूद कर भाग रहे थे और भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई थी। इस घटना के बाद दुकान संचालक फरार हो गया है। वहीं हादसा के बाद मामला उजागर होने पर अब खाद्य विभाग कार्रवाई की बात कह रहा है।

## शहर के इन स्थानों पर भी होता है यह अवैध काम

अवैध रूप से गैस रिफलिंग का काम शहर के हर गली- मोहल्लों, मुख्य मार्गों व चौक-चौराहों में हो रहा है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी खाद्य विभाग को नहीं है। विभागीय अधिकारियों की चुप्पी ही इन अवैध कारोबारियों का लाइसेंस बन गया है। शहर के साइकिल दुकानों में यह काम ज्यादा होता है। चक्रधर नगर चौक में दो से तीन स्थान, जेल कॉम्प्लेक्स, सिंधी कॉलोनी कच्ची खोली, बेलादुला, बोईरादादर, विजयपुर, जूटमिल, कोतरारोड जैसे कई स्थान हैं जहां खुलेआम बिना किसी सुरक्षा उपाय के यह धंधा जोरों से फल-फूल रहा है।

एनटीपीसी के सामने अवैध रूप से गैस रिफिलंग करने और वहां हादसा होने की जानकारी सामने आई है। मेरे द्वारा फूड इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया है, जल्द ही इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

**चितरंजन सिंह**
खाद्य अधिकारी, रायगढ़

### हादसे में ये मजदूर झुलसे

इस हादसे में एनटीपीसी में काम करने वाले खीरराम पटेल (36) निवासी सरवानी, शैलेन्द्र कुमार यादव (44) सक्ती, मंजय कुमार (22) बिहार, उपेन्द्र डनसेना (38) सरवानी सहित 7 मजदूर शामिल हैं। इन चारों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। डॉक्टरों की मानें तो ये 30 प्रतिशत झुलस गए हैं। जबकि बाकी 3 मजदूरों का शहर के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है और उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

### पुलिस को भी नहीं घटना की पूरी जानकारी

मंगलवार की दोपहर पुसौर थाना प्रभारी रामकिंकर यादव भी मौके पर पहुंचे थे। जब उनसे घटना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि उन्हें भी पूरे मामले की जानकारी नहीं है। उन्हें बस यह पता चला है कि एनटीपीसी के भीतर खाना बनाते समय हादसा हुआ है, जबकि सच्चाई इसके उलट है। अगर पुलिस सही तरीके से कार्रवाई करे तो किराना दुकान संचालक भी पुलिसिया कार्रवाई की रडार में आ सकता है। क्योंकि उसकी लापरवाही से हादसा हुआ है।

## खबर संक्षेप

### संस्कार की छात्रा बनी कंपनी सेक्रेटरी



**रायगढ़।** जिले की प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र के साथ-साथ कैरियर के क्षेत्र में भी अपना परचम लहरा रही है। स्कूल की पूर्व छात्रा आशी बग्गा ने कंपनी सेक्रेटरी परीक्षा में सफलता पाई है। संस्था के मार्गदर्शक रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि आशी बग्गा शहर के प्रसिद्ध होटल पंजाब होटल के पूर्व संचालक एवं एलाआईसी अभिकर्ता स्व. योगेन्द्र सिंह खनूजा एवं श्रीमती अजीत खनूजा की नाती तथा नगर निगम पीलीभीत के कार्यपालक अभियंता हरमिक सिंह बग्गा एवं मनप्रीत कौर बग्गा की सुपुत्री हैं। आशी ने कई वर्ष रायगढ़ में रहकर संस्कार पब्लिक स्कूल से शिक्षा ग्रहण की। उच्च शिक्षा उत्तरप्रदेश से प्राप्त की। रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि भारतीय कंपनी सचिव संस्थान के द्वारा जून 2025 सत्र के सीएस प्रोफेशनल प्रोग्राम के परीणाम पिछले दिनों घोषित किये गए। जिसमें आशी बग्गा ने मेरिट में आकर शानदार सफलता पाई। आशी बग्गा प्रारंभ से ही मेघावी छात्रा रही। आशी की सफलता पर प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा सहित सभी स्टॉफ ने प्रसन्नता जाहिर की है।

### 32 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

**रायगढ़।** पूंजीपथरा पुलिस ने मंगलवार को ग्राम तुमीडीह और ग्राम चिराईपानी में दबिश देकर दो आरोपियों को पकड़ा, जिनके कब्जे से कुल 32 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई है। जानकारी के अनुसार ग्राम तुमीडीह निवासी आरोपी कुमार बेक पिता टुन्नू बेक (36 वर्ष) से पुलिस ने 10 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डिब्बे में भरा लगभग 7 लीटर महुआ शराब जब्त किया, जिसकी अनुमानित कीमत 700 रुपये है। वहीं ग्राम चिराईपानी में आरोपी हरिशंकर चौहान पिता फिरतूराम चौहान (45 वर्ष), निवासी गोहडीडीपा थाना जूटमिल हाल निवासी चिराईपानी के कब्जे से पुलिस ने 15 और 10 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डिब्बों में भरा कुल 25 लीटर महुआ शराब जब्त किया, जिसकी कीमत लगभग 2500 रुपये है। दोनों ही आरोपी शराब की अवैध बिक्री की तैयारी में थे। आरोपियों के खिलाफ थाना पूंजीपथरा में आबकारी एक्ट की धारा 34(2), 59(क) के तहत पृथक-पृथक अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### नाबालिग ने युवती को बनाया हवस का शिकार

**रायगढ़।** सोशल मीडिया के जरिए बने रिश्ते ने एक युवती की जिंदगी को झकझोर दिया, जहां इंस्टाग्राम पर हुई पहचान के बाद एक किशोर ने शादी का प्रलोभन देकर युवती का शारीरिक शोषण किया और बाद में शादी से साफ इंकार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुसौर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपित विधि से संघर्षरत बालक को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय में पेश किया है। घटना की शिकायत 25 अगस्त को थाना पुसौर में दर्ज कराई गई, जिसमें स्थानीय युवती ने बताया कि करीब दो माह पहले उसकी पहचान इंस्टाग्राम के माध्यम से एक किशोर से हुई थी। दोनों के बीच बातचीत बढ़ी और आपसी निकटता भी बढ़ी। लगभग एक माह पूर्व जब युवती घर में अकेली थी तब किशोर उसके घर पहुंचा और शादी करने का भरोसा दिलाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। इसके बाद जब युवती ने विवाह की बात कही तो आरोपी ने साफ इंकार कर दिया। पीड़िता की रिपोर्ट को गंभीरता से लेते पुलिस ने अपराध दर्ज कर पीड़िता का बयान लिया। इसके बाद आरोपी के घर दबिश दी गई, जहां उसकी नाबालिग होने की पुष्टि हुई। इस पर पुलिस ने उसे विधिवत अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड रायगढ़ के समक्ष प्रस्तुत कियाए जहां से उसे बाल संप्रेषण गृह भेजा गया है।

### पॉवर प्लांट में चोरी 4 आरोपी गिरफ्तार



**रायगढ़।** भूपदेवपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत विसा पॉवर प्लांट में लोहा चोरी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। पहले मामले में चोर हाइड्रा और माजदा वाहन लेकर प्लांट चोरी करने पहुंचे और चोरी का प्रयास किया, जबकि दूसरे मामले में करीब दो टन लोहे की चादर चोरी कर ली गई। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अपराध कायम करते हुए 4 आरोपियों को हिरासत में लिया है। देवरी निवासी प्लांट के सुरक्षा गार्ड सुपरवाइजर शंकरलाल उरांव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सोमवार की रात करीब 8 बजे हाइड्रा ड्राइवर गोपी शंकर साहू, माजदा वाहन चालक इमरान, शुभम चौधरी व प्रमोद कुमार कौशिक प्लांस से लोहे की चादर चोरी कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने पर सुरक्षागार्डों ने घेराबंदी कर गोपीशंकर साहू और शुभम को पकड़ लिया, जबकि इमरान और प्रमोद मौके से भाग निकले। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और माजदा वाहन से दो टन लोहे की चादर को जप्त करते हुए दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाया गया। इसी रात सुरक्षा जांच के दौरान देवरी निवासी शतील महंत ने पाया कि प्लांट से करीब 2 टन लोहे की चादर चोरी हो चुका है। जांच में सामने आया कि डुमरपाली गांव के रवि साहू और मुकेश साहू ने एक माह के भीतर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। इसके बाद इन्हें भी हिरासत में लिया गया है।



## पत्नी से विवाद में गुस्साए पति ने मवेशी को मार डाला, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कापू थाना क्षेत्र के ग्राम कपियाभौना में एक व्यक्ति द्वारा पत्नी से विवाद के दौरान घर के मवेशी को कुल्हाड़ी से मारकर हत्या कर देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए कापू पुलिस ने आरोपी रामधनी एक्का 49 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

मामला 24 अगस्त की दोपहर का है जब ग्राम कपियाभौना चोट्टोपारा निवासी रामधनी एक्का अपनी पत्नी बिमला एक्का से घर की बकरी बेचने की बात को लेकर झगड़ने लगा। पत्नी द्वारा बकरी बेचने से इंकार करने पर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपी ने टंगिया लेकर पत्नी पर हमला करने की कोशिश की। जान बचाने के लिए महिला खेत की ओर भागी तो आरोपी ने घर के मवेशी पर टंगिया से वार कर उसकी जान ले ली। बिमला एक्का ने थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उसका पति अक्सर उसे जान से मारने की धमकी देता है और लगातार भय का माहौल बना रहता है। महिला की रिपोर्ट पर थाना कापू में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि पशुओं पर क्रूरता करने वालों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

## दहेज प्रताड़ना : पति, सास ननंद पर एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत नवविहता से दहेज में बाइक व जेवरात की मांग कर उसे प्रताड़ित करते हुए घर से निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद नवविहता के पति, सास व ननंद के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।




दरअसल ग्राम कौवाताल निवासी विमला साहू (25) का विवाह जूटमिल के गांधीनगर निवासी प्रेम नारायाण साहू से 20 अप्रैल 2025 को पारिवारिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। विवाह के दौरान विमला के परिजनों ने अपनी हैसियत के अनुसार उसे आलमारी, दीवान, पलंग, कूलर, टीवी, जेवरात सहित अन्य घरेलू सामान देकर विदा किया था। शादी के 15 दिनों के बाद वह अपने पति के साथ उनके गृहग्राम खजरी गई थी, जहां उसकी सास रेवती साहू, ननंद सोनिया साहू उसे दहेज में बाइक, सोना, चांदी व अन्य सामान नहीं लाई हो कर रोजाना उसके साथ मारपीट करने लगे। वहीं उसका पति भी उसे दहेज में मांगे गए सामान नहीं लाने की बात कह कर उसे शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगा। इसके बाद जब दोनों पति-पत्नी रायगढ़ आए तो विमला को लगा कि अब शायद स्थिति में सुधार होगा, लेकिन उसका पति फिर उसे प्रताड़ित करने लगा। इसी बीच 10 अगस्त को विमला को उसके पति ने घर से निकाल दिया। ऐसे में वह अपने मायके पहुंची और अपने भाई व मामा को आपबीती बताई। इसके बाद घटना की रिपोर्ट थाने में की गई है। जिस पर पुलिस ने ससुरालियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## आज शुरू होगा संस्कृति, परंपरा का अनूठा पर्व 'चक्रधर समारोह'

**5 सितंबर तक रामलीला मैदान में 10 दिवसीय भव्य समारोह का होगा आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

रायगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह का 40वां संस्करण कल 27 अगस्त से आरंभ हो रहा है। 10 दिवसीय इस भव्य आयोजन में देश-प्रदेश के ख्यातिप्राप्त कलाकार अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं और दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। समारोह का आयोजन 27 अगस्त से 5 सितम्बर तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से जिला मुख्यालय स्थित रामलीला मैदान में किया जाएगा। इस दौरान स्थानीय लोक कलाकार प्रतिभागी शाम 5 बजे से 6.30 बजे तक अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज जिला कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में आयोजित प्रेसवार्ता में कार्यक्रम की रूपरेखा साझा की।

कलेक्टर ने बताया कि चक्रधर समारोह 2025 का शुभारंभ 27 अगस्त को शाम 7 बजे राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह की तैयारी पूर्ण कर ली गई है। पांच हजार से अधिक क्षमता वाला दर्शकदीर्घा बनाया गया है। समारोह के सुचारू संचालन हेतु अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जो लोग कार्यक्रम स्थल तक नहीं पहुंच पाएंगे, उनके लिए टीवी चैनलों के माध्यम से सीधा प्रसारण की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

*राज्यपाल रमेन डेका करेंगे समारोह का शुभारंभ :* कलेक्टर ने बताया कि जिला मुख्यालय रायगढ़ में 27 अगस्त से आयोजित होने वाले चक्रधर समारोह का शुभारंभ राज्यपाल रमेन डेका करेंगे। राज्यपाल श्री डेका शाम 6.30 बजे वे सर्किट हाउस से चक्रधर समारोह में शामिल होने के लिए रवाना होंगे और शाम 7.00 समारोह का विधिवत शुभारंभ करेंगे।

*27 अगस्त, डॉ.कुमार विश्वास श्रोताओं को करेंगे भावविभोर :* समारोह का शुभारंभ 27 अगस्त को गणेश वंदना से होगा, जिसे स्व.वेदमणि सिंह ठाकुर के शिष्यों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पश्चात दिल्ली के पंडित राजेन्द्र गंगानी कथक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। इस दिन का मुख्य आकर्षण सुप्रसिद्ध कवि डॉ.कुमार विश्वास रहेंगे, जो अपनी ओजस्वी वाणी और काव्य से श्रोताओं को भावविभोर करेंगे।

*28 अगस्त, शास्त्रीय नृत्य और संगीत का होगा संगम :* दूसरे दिन सुनील मानिकपुरी लोक कर्मा गायन, राजनंदिनी पटनायक ओडिसी, प्रियंका सलूजा कथक, डॉ. राखी रॉय भरतनाट्यम, पं. उदय कुमार मल्लिक शास्त्रीय गायन, देविका देवेन्द्र मंगलामुखी एवं पूजा जैन कथक पर अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे।

*29 अगस्त, भरतनाट्यम और लोक रंग से सजेगा मंच :* तीसरे दिन गीतिका वैष्णव का गायन, कमलेश यादव की नृत्य नाटिका, गुरू श्रीमती बाला विश्वनाथ का भरतनाट्यम, आरू साहू का छत्तीसगढ़ी लोकगीत, पं.योगेश शम्सी का तबला वादन, भवप्रीता डांस एकेडमी, सुश्री राधिका शर्मा एवं सुश्री अंजली शर्मा की कथक प्रस्तुतियां होंगी।

*30 अगस्त, पद्मश्री राधेश्याम बारले करेंगे पंथी नृत्य :* 30 अगस्त को डॉ. दीप्ति राउत्रे ओडिसी, इशिका गिरी कथक, भूमिसुता मिश्रा व लिप्सा रानी बिस्वाल ओडिसी प्रस्तुत करेंगी। पद्मश्री राधेश्याम बारले अपने अनुपम पंथी नृत्य से मंच को जीवंत करेंगे। इसके साथ ही प्रो.डॉ.लवली शर्मा सितार वादन, खैरागढ़ यूनिवर्सिटी के छात्रों द्वारा नृत्य प्रस्तुति, सुश्री शिवली देवता कथक, जनाब अनीस साबरी कव्वाली एवं श्रीमती श्वेता वर्मा कथक की शानदार प्रस्तुतियां होंगी।

*31 अगस्त, भरतनाट्यम, शास्त्रीय कला और कथक की होगी प्रस्तुति :* 31 अगस्त को सुश्री आद्या पाण्डेय द्वारा भरतनाट्यम, सुश्री शैल्वी सहगल द्वारा कथक, एम.टी.मृन्मयी द्वारा भरतनाट्यम, डॉ.मेघा राव द्वारा गायन, डॉ.कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा कथक, अश्विका साव द्वारा कथक, अराध्या कुमारी सिंह द्वारा शास्त्रीय संगीत एवं सुश्री अन्विता विश्वकर्मा शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत करेंगी।

*1 सितम्बर, पद्मश्री डॉ.अश्विनी भिड़े देशपांडे देंगी शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति :* 1 सितम्बर को डॉ.योगिता मांडलिक द्वारा कथक, सुश्री हीना दास द्वारा ओडिसी, सुश्री मुक्ता मेहर द्वारा कथक, पद्मश्री डॉ.अश्विनी भिड़े देशपांडे द्वारा शास्त्रीय संगीत, आरोही मुंशी द्वारा भरतनाट्यम, भूपेन्द्र बरेठ एवं ग्रुप व सुश्री ऋत्वी अग्रवाल द्वारा कथक एवं डॉ.विपुल रॉय संतुर वादन पर प्रस्तुति देंगे।

*2 सितम्बरः छत्तीसगढ़ी लोकसंगीत की रहेगी धूम :* 2 सितम्बर को इशिता कश्यप द्वारा कथक, कुमारी काजल कौशिक द्वारा कथक, उस्ताद छोटे रहमत खान द्वारा सितार वादन, कलकक्षेत्र फाउंडेशन द्वारा भरत नाट्यम, सचिन कुम्हरे द्वारा कथक, श्रीमती छाया चंद्राकर एवं ग्रुप द्वारा छ.ग.लोकसंगीत एवं दीपक दास महंत द्वारा तबला वादन की प्रस्तुति दी जाएगी।

*3 सितंबर, अबूझमाड़ के प्रसिद्ध मलखम्ब दल का होगा अद्भुत प्रदर्शन :* भारत के प्रसिद्ध रियलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट में प्रथम स्थान प्राप्त कर देशभर में सुर्खियां बटोरने वाले एवं छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को एक नया आयाम देने वाले अबूझमाड़ का प्रसिद्ध श्री मनोज प्रसाद का मलखम्ब दल 03 सितम्बर को अपने अद्वितीय कौशल और अनुशासन के साथ मलखम्ब की कला का जीवंत प्रदर्शन करेंगे।

*4 सितंबर, श्रीमती कविता वासनिक एवं ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकरंग की होगी प्रस्तुति :* 4 सितम्बर को प्रोजेक्ट दिव्य धुन द्वारा गायन प्रस्तुति, तरूण शर्मा एवं शिष्य द्वारा कथक प्रस्तुति, कु.नित्या शर्मा द्वारा कथक (लखनऊ घराना), श्रीमती कविता वासनिक एवं ग्रुप द्वारा छत्तीसगढ़ी लोकरंग, कलईमामणि गुरू गोपिका वर्मा द्वारा मोहिनीअट्टम, श्री मोहित शास्त्री द्वारा बांसुरी वादन, डॉ.राम बोरगांवकर द्वारा तबला वादन, श्री मंगेश बोरगांवकर द्वारा गायन, सुश्री यामी वैष्णव द्वारा कथक एवं सुश्री युग रत्नम कथक पर अपनी प्रस्तुति देंगी।

*5 सितम्बर, समापन समारोह को पद्मश्री कैलाश खेर और डॉ. नलिनी कमलिनी बनाएंगे अविस्मरणीय, मुख्यमंत्री होंगे शामिल :* समापन अवसर पर 5 सितम्बर को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित अन्य विशिष्टजन शामिल होंगे। इस दिन दिल्ली की पद्मश्री डॉ. नलिनी कमलिनी अस्थाना कथक प्रस्तुत करेंगी, जबकि देश के प्रसिद्ध गायक पद्मश्री कैलाश खेर अपनी स्वर लहरियों से समारोह को अविस्मरणीय बनाएंगे।

### एक दंतैल ने तीन मकान भी ढहाया, जिले में 187 हाथी कर रहे विचरण

## हाथियों ने 28 किसानों की फसल को रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

हाथियों के आतंक से पूरा जिला थर्राया हुआ है। आए दिन हाथियों द्वारा ग्रामीण अंचलों में जानमाल ही हानि पहुंचाई जा रही है। वर्तमान में जिले में 187 हाथियों का दल विचरण कर रहा है। जिससे प्रभावित गावों में दहशत का माहौल है। बीती रात हाथियों ने 28 किसानों की फसलों को रौंद कर नुकसान पहुंचाया है। वहीं एक नर हाथी ने तीन मकानों को निशाना बना कर ढहा दिया है। वन विभाग नुकसानी का आंकलन कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।



बीती रात हाथियों ने 28 किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचाया है। जिसमें धरमजयगढ़ वन मंडल अंतर्गत लैलूंगा के कर्रा, सियारपारा में 6, बैगीनझरिया में 6, सेमीपाली में 1, प्रेमनगर में 1 के अलावा रायगढ़ वन मंडल के नवागांव में 7 सहित सामारूमा में 3 किसानों की फसल शामिल है। जिले में हाथियों की इतनी बड़ी संख्या से जहां प्रभावित ग्राम के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। इसी तरह बीती रात ही जंगल से बस्ती में पहुंचे एक दंतैल हाथी ने तीन ग्रामीणों के मकान को तोड़ा है। बैगीनझरिया गांव में हाथी आने की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद हाथी को वापस जंगल की तरफ भगाया गया। इसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### यहां इतने हाथी कर रहे हैं विचरण

धरमजयगढ़ वन मंडल की बात करें तो यहां 127 हाथी अलग-अलग रेंज में विचरण कर रहे हैं। जिसमें लैलूंगा रेंज में सर्वाधिक 61 हाथी, छाल में 22, बोरो में 13, कापू में 13, बाकारूमा में 11 के अलावा धरमजयगढ़ में 7 हाथियों की मौजूदगी है। इसी तरह रायगढ़ वन मंडल में 60 हाथी विचरण कर रहे हैं। जिसमें घरघोड़ा रेंज में 28, रायगढ़ में 22 व तमनार में 10 हाथियों की मौजूदगी है। हाथियों के इस दल में 49 नर, 85 मादा के अलावा 53 शावक शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### फर्जी अंकसूची से हासिल कर ली नौकरी

**शंकरगढ़।** आंगनबाड़ी सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी सामने आई है। कलेक्टर के निर्देश पर की गई जांच में महिलाओं द्वारा 8वीं की फर्जी अंकसूची के आधार पर नौकरी हासिल करने की पुष्टि हुई। इस मामले में पुलिस ने चार महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य लोगों की तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि एकीकृत बाल विकास परियोजना कुसमी क्षेत्र के शंकरगढ़ अनुभाग में वर्ष 2024-25 में आंगनबाड़ी सहायिका के पदों पर भर्ती की गई थी। सहायिकाओं की भर्ती में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी किए जाने की शिकायत एक महिला ने कलेक्टर से की थी। शिकायत के बाद कलेक्टर ने इस मामले की जांच के निर्देश दिए थे।

### चोरों ने अलग-अलग क्षेत्र से पार की दो बाइक

**अम्बिकापुर।** राजपुर खुटनपारा निवासी श्रेयस सिन्हा आ. स्व. अनुज कुमार सिन्हा (23 वर्ष) नमनाकला कार्मेल स्कूल के समीप किराए के मकान में रहकर व्यवसाय करता है। 21 अगस्त की रात बाइक क्रमांक सीजी 15 ईजी 2567 को किराए रूम के सामने खड़ा किया था। सुबह उठा तो देखा बाइक अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का कहीं पता नहीं चला तो बगल के घर में लगे सीसीटीवी फुटेज देखा तो पता चला कि अज्ञात व्यक्ति बाइक चोरी कर ले जाते नजर आया। युवक ने घटना की रिपोर्ट गांधीनगर थाने में दर्ज कराई। दूसरी घटना में केनाबांध निवासी घनश्याम पाण्डेय आ. स्व. धर्मदेव पाण्डेय ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराया है कि बाइक क्रमांक सीजी 15 डीएन 5809 को 22 अगस्त की रात घर के सामने खड़ा किया था।

### भड़के गन्ना किसान निकले तालाबंदी करने

**प्रतापपुर।** लंबित बकाया राशि के भुगतान की मांग को लेकर सोमवार को गन्ना किसानों का आक्रोश भड़क उठा। किसानों ने करोड़ों रुपए के भुगतान की मांग को लेकर कारखाना के समक्ष प्रदर्शन किया। इस दौरान किसान कारखाना में तालाबंदी करने के लिए निकल पड़े। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। घंटों चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ने 15 दिनों में भुगतान कराए जाने का आश्वासन दिया जिसके बाद किसानों का आन्दोलन समाप्त हुआ। बता दें कि मां महामाया शक्कर कारखाना में गन्ना बेचने वाले किसानों का करोड़ों रुपए का भुगतान लंबित है। भुगतान लंबित होने से किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि किसानों ने शक्कर कारखाने के सामने प्रदर्शन और कारखाना में तालाबंदी की चेतावनी दी थी।

### बैठक में भाजपा प्रदेश महामंत्री सम्मानित

**अम्बिकापुर।** सरगुजा सेवा समिति, नागरिक समिति एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले विजयादशमी महोत्सव की प्रथम बैठक का आयोजन सोमवार को श्रीराम मंदिर प्रांगण में किया गया। बैठक में समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रवि शंकर त्रिपाठी, उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी, भारत सिंह सिसोदिया, महासचिव संजय अग्रवाल, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, राजेश कश्यप, राजीव विश्वकर्मा, विद्यानंद मिश्रा, राजीव अग्रवाल, सचिव श्रीमती मधु चौदहा, दूधनाथ गोस्वामी, नरेन्द्र सिंह टुटेजा, आलोक दुबे, करताराम गुप्ता, मधुसूदन शुक्ला, विवेक दुबे, महेंद्र अग्रवाल, मनोज सोनी, मयंक जायसवाल, वीर सोनी, अनुराग शुक्ला, आभाष राज, अमन गुप्ता, अविनाश मंडल, अभिनंदन सिंह, पूनम सिंह, नालिनी पाण्डेय, मुकेश तिवारी तथा पीयूष त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सरगुजा सेवा समिति के उपाध्यक्ष अखिलेश सोनी को भाजपा प्रदेश महामंत्री का नवीन दायित्व मिलने पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती रजनी रविशंकर त्रिपाठी व पदाधिकारियों ने उन्हें शॉल व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया।

---

कुनकुरी में दिल दहला देने वाली वारदात

# बेटे ने की मां की कुल्हाड़ी मारकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के कुनकुरी क्षेत्र में मंगलवार की सुबह एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां बेंदरभद्रा बस्ती रेस्ट हाउस के सामने में रहने वाले जीतराम नामक युवक ने अपनी ही मां की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना इतनी वीभत्स थी कि जिसने भी देखा उसकी रूह कांप उठा। आरोपी ने कुल्हाड़ी से अपनी मां के कई टुकड़े कर दिए और फिर उसी कुल्हाड़ी को हाथ में लेकर शव के पास बैठ गया।

जानकारी के अनुसार जीतराम कुछ समय पहले तक केरल में काम करता था। वहीं उसकी मानसिक स्थिति बिगड़ने लगी। परिजन उसकी हालत को लेकर चिंतित थे और दो दिन पहले उसे वापस कुनकुरी ले आए। यहां उसकी मानसिक स्थिति सुधारने के लिए बैगा बुलाकर पूजा-पाठ कराया गया। मंगलवार सुबह लगभग 5 बजे पूजा समाप्त हुई। इसी बीच अचानक आरोपी की आंखों में खून उतर आया और उसने कुल्हाड़ी उठाकर अपनी माँ पर ताबड़तोड़ वार करने शुरू कर दिए।



गली में जुटी भीड़। इनसेट में हत्या का आरोपी।

### बाल-बाल बचे परिवार के अन्य सदस्य

घटना के समय घर में अन्य परिजन भी मौजूद थे। जब जीतराम ने हमला शुरू किया तो घरवालों ने किसी तरह खुद को एक कमरे में बंद कर लिया। आसपास के लोगों ने शोर सुनकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से परिवार के बाकी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**शव के पास घंटों बैठा रहा, चार घंटे बाद पुलिस ने किया गिरफ्तार**

### चार घंटे की मशक्कत के बाद गिरफ्तारी

करीब चार घंटे तक पुलिस रणनीति बनाती रही। आखिरकार पुलिस टीम ने हिम्मत जुटाते हुए आरोपी को काबू में किया और हथियार छीन लिया। आरोपी को तत्काल कुनकुरी थाने ले जाया गया है।

### इलाके में दहशत, पुलिस जांच में जुटी

इस घटना ने पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। ग्रामीण अभी भी स्तब्ध हैं। पुलिस हत्या के पीछे की वजह और घटना के समय आरोपी की मानसिक स्थिति को लेकर जांच कर रही है।

### भीड़ उमड़ी, पुलिस भी सहमी

घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। देखते ही देखते घर के बाहर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालने की कोशिश की,लेकिन आरोपी शव के पास कुल्हाड़ी लेकर बैठा था और जैसे ही कोई पास जाने की कोशिश करता वह कुल्हाड़ी भांजने लगता। उसकी आक्रामकता देखकर पुलिस भी तुरंत कार्रवाई करने का जोखिम नहीं उठा पा रही थी।

### मानसिक स्थिति पर सवाल

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी लंबे समय से मानसिक बीमारी से जूझ रहा था। परिजन इलाज करा रहे थे, लेकिन उसकी स्थिति में सुधार नहीं हुआ। पुलिस ने आरोपी की मानसिक स्थिति की जांच कराने का निर्णय लिया है।

---

# बागबहार में निगरानी बदमाश के घर से 16 किलो गांजा बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस ने नशे के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए बागबहार थाना क्षेत्र के ग्राम कुकरगांव में दबिश दी और निगरानी बदमाश के घर से 16 किलो अवैध गांजा बरामद किया।

पुलिस ने मुख्य आरोपी रामप्रताप यादव 50 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत करीब 4 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है। बागबहार पुलिस को 25 अगस्त की दोपहर मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कुकरगांव निवासी कुख्यात निगरानी बदमाश रामप्रताप यादव अवैध रूप से गांजा तस्करी के धंधे में लिप्त है और अपने घर में बड़ी मात्रा में गांजा छुपाकर रखा है। सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश में विशेष टीम बनाई गई और रात होते-होते पुलिस गांव पहुंची।

**ऑपरेशन आघात की कामयाबी**



**मुख्य आरोपी गिरफ्तार, 4.50 लाख का माल, स्कॉर्पियो व स्कूटी जब्त**

### मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अन्य की तलाश जारी

पुलिस ने मुख्य आरोपी रामप्रताप यादव को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में उसने अपने अपराध को स्वीकार किया। पुलिस ने उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 20(बी)(2)(सी), 29 के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। अन्य फरार आरोपियों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### कार्रवाई में शामिल रहे ये अधिकारी

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी बागबहार निरीक्षक अशोक शर्मा, एएसआई रामप्रसाद साहू, प्रधान आरक्षक लव चौहान, महिला प्रधान आरक्षक अलिका पैंकरा, आरक्षक पवन पैंकरा और अजय खेस की अहम भूमिका रही।

### कहां कहां से हुई बरामदगी

तलाशी में पुलिस को घर के सोफे के नीचे, कूलर के भीतर व आंगन में खड़ी सफेद रंग की स्कॉर्पियो क्रमांकसीजी 14 एमडी 5804 में छिपाकर रखा 16 किलो गांजा मिला। पुलिस ने गांजा के साथ तस्करी में प्रयुक्त स्कॉर्पियो और एक स्कूटी को भी जब्त किया।

### पुलिस को देख फरार हुआ आरोपी घर से मिला गांजे का जखीरा

पुलिस टीम जैसे ही आरोपी के घर पहुंची, रामप्रताप यादव व उसके परिजनों ने पुलिस से विवाद शुरू कर दिया और देखते ही देखते घर में ताला लगाकर फरार हो गए। पुलिस को संदेह होने पर विधिवत कार्रवाई कर ताला तोड़ा गया और घर की तलाशी ली गई।

### एसएसपी बोले - नशे के कारोबारियों को बख्शा नहीं जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने कहा, बागबहार क्षेत्र में निगरानी बदमाश के घर से भारी मात्रा में गांजा जब्त किया गया है। मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया गया है। नशे के अवैध कारोबार में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।

---

# सीएम कैंप कार्यालय बगिया में ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान

**56 आवेदन प्राप्त, अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश**



**जशपुरनगर।** सोमवार को मुख्यमंत्री निवास बगिया स्थित कैंप कार्यालय में कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए। इन आवेदनों में ग्रामीणों ने अपनी विभिन्न समस्याएँ और मांगें रखीं। ग्राम पंचायतों से आए लोगों ने मुख्य रूप से सामुदायिक भवन, रंगमंच निर्माण,राजस्व मामले,स्वास्थ्य सुविधाओं में सहयोग तथा अन्य बुनियादी आवश्यकताओं से जुड़े मामले को लेकर पहुंचे थे।

ग्रामीणों ने बताया कि अब उन्हें अपनी समस्याएँ सीधे प्रशासन तक पहुँचाने में कठिनाई नहीं होती, क्योंकि मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय इसके लिए एक सुगम और सशक्त मंच बन गया है। सीएम कैंप कार्यालय की ओर से प्राप्त सभी आवेदनों पर गंभीरता से विचार किया गया और संबंधित विभागीय अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश जारी किए गए। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी भी मामले को लंबित न रखा जाए और आवेदकों को शीघ्र राहत प्रदान की जाए।गौरतलब है कि अब केवल जशपुर जिले के ही नहीं, बल्कि अन्य जिलों से भी ग्रामीण अपनी समस्याएँ लेकर सीएम कैंप कार्यालय बगिया पहुँच रहे हैं। यहाँ उनकी बातें न सिर्फ सुनी जाती हैं, बल्कि वास्तविक समाधान भी खोजा जाता है।

---

# रजत जयंती महोत्सव में परियोजना स्तर पर बाल मेला



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुर

एकीकृत बाल विकास परियोजनाओं में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन परियोजना स्तर पर किया गया। जिसके तहत परियोजना स्तर पर महतारी सम्मेलन, बाल मेला एवं मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया।

महतारी सम्मेलन में ग्राम सरपंच, पंच, ग्रामीण, कार्यकर्ता, महतारी वंदन योजना के हितग्राही, बच्चे एवं किशोरी बालिकाएं शामिल हुई । इस अवसर पर परियोजना अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों द्वारा विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के नए हितग्राहियों का आवेदन भी भराया गया। इसी प्रकार रजत महोत्सव अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना केराडीह, बागबहार में महतारी मेंगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। इसके साथ ही



■ महतारी सम्मेलन एवं मेगा हेल्थ कैम्प का आयोजन

बाल संदर्भ शिविर का आयोजन कर 45 कुपोषित बच्चों को लाभान्वित किया गया। कैम्प में माताओं का मधुमेह, रक्तचाप तथा हीमोग्लोबिन की जांच की गई। इस अवसर पर 185 हितग्राहियों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस तरह एकीकृत बाल विकास परियोजना बगीचा एवं मनोरा में बाल मेला का आयोजन किया गया। इस मेले में बच्चों के द्वारा एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, कविता पाठ, चित्रकला, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी के रूप में बच्चों के पालक एवं बच्चों ने बढ़ चढ़ के भाग लिया।एकीकृत बाल विकास परियोजना पत्थलगांव में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें पत्थलगांव नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिंह एवं सभापति भी शामिल हुए। इस कार्यक्रम में समस्त पर्यवेक्षक, समस्त आंगनबाडी कार्यकताएँ, ग्रामीण महिलाएँ एवं बच्चे उपस्थित हुए। इस कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों के खेलकूद संबंधित गतिविधि, कविता पाठ, कहानी सुनाने, चित्रकारी एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विजेता बच्चों को पुरुस्कार भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न व्यंजनों व साग सब्जियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई।

---

# तारा बाई स्व सहायता समूह से बनी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की महिलाओं को ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत समूह के रूप में विकसित करके रोजगामूलक कार्य के लिए विभिन्न प्रशिक्षण दिया जा रहा है। महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने स्वयं की व्यवसाय कर रही है और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही है। इसी कड़ी में विकासखण्ड कांसाबेल के छोटे से ग्राम चिड़ोरा की रहने वाली है तारा बाई प्रज्ञा स्व सहायता समूह से जुड़ी कर आत्मनिर्भर बन गई है। समूह सहेली ग्राम संगठन से जुड़कर तारा बाई ने बीसी सखी का काम शुरू किया। चिड़ोरा ग्राम मुख्य मार्ग से जुडे.नहीं होने के कारण विभागीय लेन देन हेतु ग्रामीणों को समस्याओं का सामना करना पड़ता था, किन्तु तारा बाई बिहान योजना से जुड़कर ग्रामीणों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुँचाकर गांवो के लिए सच्ची सखी साबित हुई हैं। गांव वालों को बैंक के हर छोटे बडे. काम के लिए अब कांसाबेल स्थित बैंक नहीं जाना पड़ रहा है। इसके साथ ही वह स्वंय भी आर्थिक रूप से सशक्त हुई है। तारा बाई के माध्यम से गांवो में वृद्धा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मनरेगा मजदूरी भुगतान, स्वयं सहायता समूह की राशि का लेन-देन एवं अन्य बैंकिंग कार्य किए जाते हैं। तारा बाई का कहना है कि प्रतिमाह 50-60 लाख रूपये का लेन-देन कर चुकी है। तारा बाई 8 से 9 हजार रूपये तक की आय प्राप्त हो जाता है। इससे वह अपने परिवार की तमाम जरूरतें पूरा करने में भरपूर मदद करती है।

■ बीसी सखी का कार्य शुरू कर ग्रामीणों तक बैंकिंग सुविधाएं पहुँचाकर बनी सच्ची सखी



**प्रतिमाह 50-60 लाख का लेन-देन कर 8 से 9 हजार तक कर रही कमाई**

### अस्थाई पटाखा लायसेन्स के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 सितम्बर तक

**जशपुरनगर।** अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी द्वारा समस्त आम जनता को सूचित किया किया गया है कि दीपावली व दशहरा पर्व में फटाखा विक्रय व भण्डारण करने के लिए अस्थाई पटाखा लायसेन्स बनवाने हेतु ईच्छुक आवेदकों से 30 सितम्बर 2025 तक निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन कलेक्ट्रेट परिसर, जशपुर स्थित लोक सेवा केन्द्र तथा जिले के समस्त तहसीलों में स्थित लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। आवेदक आवेदन-पत्र के साथ स्वयं का आधार कार्ड, पैन कार्ड, ग्राम पंचायत व नगरीय निकाय का अभिमत, राजस्व निरीक्षक व हल्का पटवारी द्वारा प्रदत्त भण्डारण व विक्रय स्थल का नजरी नक्शा, भण्डारण स्थल का बी-1, खसरा तथा नक्शा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, ग्राम पंचायत द्वारा जारी निवास प्रमाण-पत्र, पूर्व में जारी लायसेन्स की प्रति के साथ रूपये 600 का चालान की प्रति मद 0070 अन्य प्रशासकीय सेवाएँ, 60-अन्य प्राप्तियाँ, 103-विस्फोटक पदार्थ में जमा कर चालान की प्रति जमा करना होगा। समस्त दस्तावेज आवेदन के साथ संलग्न कर प्रस्तुत नहीं करने पर के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार आवेदन मान्य नहीं किया जावेगा।

### गेमिंग पर नियंत्रण के लिए संसद में पारित बिल ऐतिहासिक

**सूरजपुर।** महिला बाल विकास एवं समाज कल्याण विभाग की मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने ऑनलाइन गेमिंग पर नियंत्रण के लिए संसद में पारित बिल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय हमारे बच्चों और समाज के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज ज्यादातर बच्चे ऑनलाइन गेम की लत के कारण अपनी शिक्षा, स्वास्थ्य और नैतिक मूल्यों से दूर हो रहे थे। यह प्रवृत्ति न केवल परिवारों को बल्कि पूरे समाज को गलत दिशा में ले जा रही थी। प्रधानमंत्री के दूरदर्शी नेतृत्व में लिया गया यह निर्णय बच्चों को नशे जैसी इस लत से मुक्त करेगा और उन्हें सही मार्ग पर आगे बढ़ने का अवसर देगा। हम सभी को मिलकर इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में सहयोग करना होगा, ताकि देश का भविष्य सुरक्षित और सशक्त बने।

### छात्रावास में घुसकर चोरी कर रहा युवक रंगे हाथों गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** लाइवलीहुड कॉलेज के बालिका छात्रावास में घुसकर चोरी कर रहे युवक को लोगों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को लाइवली हुड कॉलेज के बालिका छात्रावास में एक अज्ञात युवक घुसकर पंखा और एल्युमिनियम फ्रेंम निकालकर ले जाने की तैयारी कर रहा था। इस दौरान छात्रावास के लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस को इसकी सूचना दी।

---

कल शासन के विरोध में महिला कर्मियों ने मेहंदी रचाई, आज बनाई रंगोली

# संविदा कर्मचारियों की तीज त्योहार के बीच हड़ताल नौवें दिन भी जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मंगलवार को छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय पर्व तीज में भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के लगभग 815 से अधिक संविदा कर्मचारी सुबह 10 बजे से ही अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में धरना-प्रदर्शन करते रहें।

संघ से पूछे जाने पर बताया गया कि हमारे सभी संविदा कर्मचारी पिछले 20 वर्षों से पूरे समर्पण, निष्ठा और ईमानदारी के साथ जनता की सेवा कर रहे हैं। चाहे वह प्राथमिक,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हो या जिला अस्पताल हो अथवा दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिर हो हर जगह इन कर्मचारियों ने अपनी निष्ठा से काम किया है। फिर भी शासन के द्वारा इसके साथ पक्षपात किया जा रहा है। समान कार्य के बाद भी इन्हें समान वेतन व सुविधा का अधिकार नहीं दिया जा रहा है। इसी कारण वे हड़ताल के लिए बाध्य हुए है।




रंगोली बनाकर शासन का विरोध करतीं संविदा महिला कर्मचारी।

### अब आश्वासन लिखित में देना होगा

संघ ने कहा कि अब मौखिक आश्वासन और कमेटी का जुमला नहीं चलेगा। अब शासन को लिखित में आदेश देना होगा तब ही वे हड़ताल से वापस जाएंगे और जिले की स्वास्थ व्यवस्थायें बहाल होगी अन्यथा स्थिति और विकट व विकराल होगी जिसकी समस्त जवाबदारी मात्र शासन की हठधर्मिता और असंवेदनशीलता ही होगी।

### शासन के विरोध में बनाई रंगोली

आज हड़ताल के नौवें दिन एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी नियमितीकरण सहित 10 सूत्रीय मांगों को शासन तक पहुंचाने के लिए अनोखा प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने अपनी मांगों को रंगोली के माध्यम से व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि शासन जल्द उनकी मांगों को संज्ञान में ले और सार्थक पहल करें।

### सरकार वर्षों से कर रही वादा खिलाफी

संघ द्वारा बताया गया कि पूर्ववर्ती कॉंग्रेस सरकार ने भी कर्मचारियों कि सेवा व निष्ठा को नजरअंदाज किया और नियमितीकरण का वादा करके उसे पूरा न कर एनएचएम कर्मचारियों को छला, जिसका खामियाजा उन्होंने भोगना पड़ा। वर्तमान सरकार भी पूर्व सरकार की भाँति ही वादा खिलाफी कर रही है। और मीडिया में यह अफवाह उडा रही है कि कर्मचारियों के 10 में से 5 मांग को शासन ने पूरा कर दिया है जो कि सरासर गलत है। अभी सरकार द्वारा 10 सूत्री मांग में से सिर्फ एक मांग (सी आर में पारदर्शिता) को ही पूरा किया गया है और अन्य मांगों को पूरा नहीं किया गया है।

### कोरोना महामारी में बने सेवा की मिसाल

कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के समय के जब परिवार का कोई सदस्य कोरोना महामारी के चपेट में आ जाता था तब कई परिवारजन अपने परिवार तक का साथ छोड़ दे रहे थे ऐसे में पुरी निष्ठा के साथ एनएचएम के संविदा कर्मचारी दिन-रात बिना थके, बिना डरे, जनता की सेवा में जुटे रहे। कई कर्मचारियों ने सेवा के दौरान इस महामारी कि चपेट में आ कर अपनी जान तक गवाई और अपनी जान जोखिम में डालकर समाज की रक्षा कि है। किंतु उसके बाद भी शासन पक्ष से अभी तक उसकी निष्ठा व कार्य के प्रति समर्पण का उचित पारितोषिक प्रदान नहीं किया गया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण है कि वर्तमान सरकार अपने किए वादे को पूरा करने की पहल करती है कि नहीं।



# अगस्त्य और जुनैद का होगा बॉक्स ऑफिस में मुकाबला

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस क्लैश कुछ भी नया नहीं है। अक्सर बॉक्स ऑफिस पर कई बड़े स्टार्स की फ़िल्में एक साथ रिलीज होती है। लेकिन इस बार बॉक्स ऑफिस मुकाबला दो स्टार किड्स के बीच में है। स्टार किड्स हैं अमिताभ बच्चन ने नाती अगस्त्य नंदा और आमिर खान के बेटे जुनैद खान। सूत्रों से पता चला है कि अगस्त्य नंदा और जुनैद खान की फ़िल्में सेम डे सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है । अगस्त्य नंदा की श्रीराम राघवन निर्देशित इक्कीस एक वॉर ड्रामा है, जिसमें वह लीड रोल निभा रहे हैं। शुरुआत में फिल्म इक्कीस को 2 अक्टूबर को रिलीज करने की योजना थी।

लाइफ Style

# दिव्या ब्लैकमेलर के किरदार में आएंगी नजर



दिव्या खोसला और नील नितिन मुकेश की कॉमेडी-ड्रामा फिल्म 'एक चतुर नार' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में नील और दिव्या के बीच चालाकी का खेल देखने को मिल रहा है। फिल्म में दिव्या ने एक ब्लैकमेलर का किरदार निभाया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

ट्रेलर की शुरुआत दिव्या खोसला की आवाज से होती है, जिसमें वो कहती हैं कि 'हर शहर में दो तरह की बस्ती होती है। एक नदी किनारे वाली और एक नाले किनारे वाली' ट्रेलर में दिखाया गया है कि दिव्या खोसला फिल्म में गरीब बनी हैं, जो अपनी जीविका चलाने के लिए अलग-अलग काम करती दिखती हैं। जबकि नील नितिन मुकेश फिल्म में अभिषेक वर्मा के किरदार में नजर आएंगे, जो एक पैसे वाला शख्स है। ट्रेलर से पता चलता है कि फिल्म में दिव्या खोसला के हाथ कुछ ऐसा लगता है, जिससे वो नील नितिन मुकेश को ब्लैकमेल करने लग जाती है। फिर आगे कहानी किस तरह से मजाकिया से गंभीर हो जाती है, ये फिल्म देखने के बाद पता चलेगा। फिल्म का ट्रेलर फिल्म के बारे में ज्यादा कुछ तो नहीं बताता है, लेकिन इतना गारंटी जरूर देता है कि फिल्म कॉमेडी, सस्पेंस और ड्रामा से भरपूर होने वाली है। रहस्य, चालाकी और माइंग गेम से भरपूर ये ट्रेलर एक ऐसी कहानी का दावा करता है जहां चतुराई सबसे बड़ा हथियार बन जाती है। ट्रेलर में आवाज आती है 'होशियारी शुरू'... इस टैगलाइन से साफ है कि फिल्म में दिमागी चालें, धोखे और अप्रत्याशित मोड़ देखने को मिल सकते हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# विकेडः फॉर... 21 नवंबर को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 2024 में आई फिल्म 'विकेड' ने 5 ऑस्कर पुरस्कार अपने नाम किए थे। अब इसका दूसरा पार्ट जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। इसमें ऑस्कर विजेता अभिनेत्री मिशेल यो भी हैं। उन्होंने बताया कि क्यों इस फिल्म को दो पार्ट में बनाया गया है। 'विकेड 2' में ओज की चुड़ैलों की उत्पत्ति की कहानी है। 'विकेडः फॉर गुड' 21 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। रिपोर्ट के अनुसार, इसमें सिंथिया एरिवो, एरियाना ग्रांडे, जेफ गोल्डब्लम और जोनाथन बेली भी हैं। 'विकेड' के निर्देशक जॉन एम. चू हैं।



# किम ने परिवार के साथ मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी रियलिटी टीवी स्टार किम कार्दशियन ने आखिरकार 6 साल की कठिन मेहनत के बाद लॉ स्कूल से स्नातक की उपाधि प्राप्त कर ली है। इस अवसर पर किम ने परिवार और दोस्तों के साथ जश्न मनाया। बता दें कि किम ने यह डिग्री कैलिफोर्निया के 'लॉ ऑफिस स्टडी प्रोग्राम' से हासिल की है। किम ने साल 2021 में किम ने 'बेबी बार' परीक्षा पास की थी, जो कानून की पढ़ाई का पहला पड़ाव होता है। इसके बाद उन्होंने मल्टीस्टेट प्रोफेशनल रिस्पॉन्सिबिलिटी परीक्षा को भी सफलतापूर्वक पास कर लिया। किम ने इस उपलब्धि का जश्न अपने परिवार और दोस्तों के साथ एक निजी समारोह में मनाया। किम ने इंस्टाग्राम पर इस समारोह की कई झलकियां साझा की। किम के दिवंगत पिता रॉबर्ट कार्दशियन भी एक दिग्गज वकील थे।



# नन्हे मेहमान की किलकारी से गूंजेगा घर...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा और सांसद राघव चड्ढा ने अपने पहले बच्चे के आगमन की घोषणा कर दी है। पहले गर्भावस्था की अफवाहों का खंडन करने वाली परिणीति अब मां बनने वाली हैं, यह 'गुड न्यूज़' सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। इस जोड़े ने इंस्टाग्राम पर एक संयुक्त पोस्ट के साथ यह खुशखबरी साझा की। उन्होंने एक खूबसूरत सजे हुए केक की तस्वीर शेयर की, जिसे एक गोल चांदी की थाली में रखा गया था और उसके ऊपर एक मुलायम बेज रंग का कपड़ा बिछा था, जिसके पास ही नाजुक सफेद फूल रखे थे। बीच में, केक के दो छोटे पैरों के सुनहरे निशान हैं और साथ में "1 + 1 = 3" लिखा है, जो उनके बढ़ते परिवार का संकेत देता है। इस पोस्ट में परिणीति और राघव का एक वीडियो भी शामिल है।



# जूनियर एनटीआर : नहीं करेंगे काम...

**मुंबई।** 'वॉर 2' का प्रचार-प्रसार जिस स्तर पर हुआ था, लग रहा था ये बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ देगी। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का स्टारडम, यशराज जैसा इतना बड़ा प्रोडक्शन हाउस, 400 करोड़ का बजट, एक धांसू फिल्म के लिए जरूरी सारे मसाले इसमें थे, बावजूद इसके फिल्म बेस्वाद रह गई। अब वजह कोई भी रही हो, लेकिन फिलहाल एनटीआर ने बॉलीवुड में काम करने का ख्याल छोड़ दिया है। खबरें थीं कि 'वॉर 2' के बाद एनटीआर यशराज बैनर की एक सोलो हीरो वाली फिल्म में भी काम करेंगे, लेकिन अब खबर आ रही है कि एनटीआर ने फिलहाल इस फिल्म को रोक दिया है। उन्होंने एक नहीं, बल्कि यशराज के साथ कई फिल्मों की डील साइन की थी, लेकिन अब अभिनेता का पूरा ध्यान अपनी तेलुगू फिल्मों पर है।

## टीवी मसाला

# 'नागिन 7' का टीजर आउट

मुंबई। टीवी का पॉपुलर शो 'नागिन' एक बार फिर से अपने नए सीजन के साथ आने वाला है। शो के सातवें सीजन का पहला टीजर मेकर्स ने रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर 'नागिन 7' का टीजर रिलीज किया और साथ ही कैप्शन में लिखा, 'जिस की बेसबरी से राह देखी आपने हर दिन, आ रही है आपसे मिलने नागिन!' नागिन के सातवें सीजन के टीजर आने से फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए हैं। 'नागिन' बालाजी टेलीफिल्म्स के तहत एकता कपूर निर्मित नागों और नागिन के बारे में बना एक अलौकिक टीवी शो है, जो टीवी पर प्रसारित होता रहा है। पहले सीजन में मौनी रॉय, अर्जुन बिजलानी और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' के दूसरे सीजन में मौनी रॉय, करणवीर बोहरा और अदा खान ने अभिनय किया। 'नागिन' ने तीसरे सीजन में सुरभि ज्योति, पर्ल वी पुरी और अनीता हसनंदानी ने अभिनय किया। 'नागिन' के चौथे सीजन में निया शर्मा और विजयेंद्र कुमेरिया ने अभिनय किया। 'नागिन' के पांचवे सीजन में सुरभि चंदना, शरद मल्होत्रा और मोहित सहगल ने अभिनय किया। 'नागिन' के छठे सीजन में तेजस्वी प्रकाश, सिम्बा नागपाल, महक चहल, श्रेय मित्तल और वत्सल शेठ ने मुख्य भूमिकाएं निभाईं। अब वहीं 'नागिन 7' टीजर आज रिलीज हो गया है। बहरहाल, नागिन के चेहरे से पर्दा उठना अभी बाकी है।



# ईशान और विशाल की फिल्म होमबाउंड की आईएफएफएम में हुई ग्रैंड क्लोजिंग

**इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2025 का शानदार समापन होमबाउंड की आधिकारिक स्क्रीनिंग के साथ हुआ। यह फिल्म, जिसे राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता निर्देशक नीरज घेवन ने निर्देशित किया है और धर्मा प्रोडक्शंस ने निर्मित किया है, में ईशान खट्टर, विशाल जेठवा और जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म ने ग्रैंड क्लोज़िंग नाइट में दर्शकों का दिल जीत लिया। इस फिल्म ने इस साल फेस्टिवल में दो बड़े अवॉर्ड भी जीते – बेस्ट फिल्म और बेस्ट डायरेक्टर।**



**मुंबई।** क्लोज़िंग नाइट पर दर्शकों की भारी भीड़ रही और ऑस्ट्रेलियन दर्शकों की बड़ी उत्सुकता के चलते फिल्म की दो स्क्रीनिंग रखी गईं। भावनात्मक कहानी और दमदार अभिनय ने सबका दिल छू लिया और फिल्म खत्म होते ही पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। फिल्म की सफलता पर नीरज घेवन ने कहा, "होमबाउंड को मेलबर्न लाना और यहां दो अवॉर्ड जीतना मेरे लिए बेहद खास है। इतनी विविधता से भरे लोगों के बीच होना एक अद्भुत अनुभव है। मैंने दुनिया के किसी भी कोने में ऐसा सहयोग और समर्थन कभी नहीं देखा जैसा यहां ऑस्ट्रेलियन सरकार और मंत्रीगण इस फेस्टिवल के लिए कर रहे हैं।"

# खरीदा अपने सपनों का पेंट हाउस



अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है।

मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस कृति सेनन अपनी निजी और पेशेवर ज़िंदगी दोनों में एक बेहतरीन दौर का आनंद ले रही हैं। कई सफल फिल्मों और प्रमुख फ्रैंचाइजी में प्रमुख भूमिकाओं के साथ, उन्होंने समर्पण और कड़ी मेहनत से इंडस्ट्री में अपनी जगह बनाई है। अपनी उपलब्धियों के अलावा, कृति ने अब मुंबई में अपने सपनों का पेंटहाउस खरीदा है, जो उनके लिए एक खास भावनात्मक मूल्य रखता है। कृति ने बताया कि कैसे उनका यह सपना एक नए पेंटहाउस के साथ हकीकत में बदल गया है। कृति ने बताया कि कैसे लगा। लेकिन कभी-कभी मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत ज़रूरी है। मुझे घर घर जैसा ही पसंद है। मुझे बार-बार घर बदलना पसंद नहीं, खासकर माता-पिता के साथ। मुझे लगता है कि स्थिरता बहुत ज़रूरी है। वहीं कृति इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म की तैयारियों में बिजी हैं। इसी बीच मुंबई एयरपोर्ट से उनका वीडियो सामने आया है, जो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है।

# डू यू वाना पार्टनर 12 सितंबर से होगी रिलीज

**मुंबई।** प्राइम वीडियो ने घोषणा की, कि उसकी नई ओरिजिनल कॉमेडी-ड्रामा सीरीज, डू यू वाना पार्टनर का प्रीमियर 12 सितंबर को किया जाएगा। इसमें तमन्ना भाटिया और डायना पेंटी मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगी, इनके साथ जावेद जाफरी, नकुल मेहता, श्वेता तिवारी, नीरज काबी, सूफी मोतीवाला और रणविजय सिंह भी अहम किरदार निभा रहे हैं। धर्मैटिक एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी यह दिलचस्प और मजेदार सीरीज करण जौहर, आदर पूनावाला और अपूर्व मेहता ने प्रोड्यूस की है, जबकि एक्ज़ीक्यूटिव प्रोड्यूसर के तौर पर शोमेन मिश्रा और अर्चित कुमार जुड़े हैं, इस सीरीज का निर्देशन कॉलिन डी'कुन्हा और अर्चित कुमार ने किया है। डू यू वाना पार्टनर की कहानी नंदिनी गुप्ता, अर्श वोरा और मिथुन गंगोपाध्याय ने लिखी है और इसे गंगोपाध्याय व निशांत नायक ने क्रिएट किया है।




# 'जुगनुमा' का सामने आया नया पोस्टर

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार मनोज बाजपेयी की नई फिल्म 'जुगनुमा' की रिलीज डेट फाइनल हो गई है। यह 12 सितंबर को रिलीज होगी। मेकर्स ने एक पोस्टर जारी कर इसकी जानकारी फैंस को दी है। 'जुगनुमा' को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इस फिल्म को खूब सराहा गया है। अब इसे भारत में रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का एक पोस्टर तरण आदर्श ने इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, मनोज बाजपेयी की फिल्म 12 सितंबर को रिलीज होगी। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तारीफ बटोरने के बाद अब ये भारत के सिनेमाघरों में रिलीज होने को तैयार है। इस फिल्म को नेशनल अवॉर्ड विजेता राम रेड्डी ने डायरेक्ट किया है। उन्हें कन्नड़ फिल्म थिथि के लिए ये अवॉर्ड मिला था। इसके पोस्टर में मनोज बाजपेयी अपनी ऑनस्क्रीन फैमिली के साथ दिखाई दे रहे हैं। इसमें एक बच्चा उनके कंधों पर बैठा है और सभी किसी बात का जश्न मनाते दिख रहे हैं। इस फिल्म की कहानी 1980 के दशक की है। इसमें जुगनू महादेव (मनोज बाजपेयी) रहस्यमयी तरीके से जल रहे जंगलों के बारे में पता लगाते हैं। इसमें मनोज बाजपेयी के साथ दीपक डोबरियाल, प्रियंका बोस, तिलोत्तमा शोम, हीरल सिद्धू और अवन पुकोट भी अहम किरदार निभा रहे हैं।



# 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का टीजर आउट

**मुंबई।** 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में अभिनेता वरुण धवन और जाह्नवी कपूर को एक बार फिर साथ देखने के लिए फैंस उत्साहित हैं। वहीं, मेकर्स भी उत्सुकता बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर फिल्म का पोस्टर साझा किया था और अब टीजर की जानकारी देते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है। मेकर्स ने इंस्टाग्राम पर फिल्म की रिलीज डेट के साथ एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, "मंडप सजेगी, महफिल जमेगी...पर सनी और तुलसी की एंट्री सारी स्क्रिप्ट बदल देगी। टीजर 28 अगस्त गुरुवार को रिलीज होगा। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' 2 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।" शशांक खेतान के निर्देशन में बनी फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में एक बार फिर वरुण और जान्हवी स्क्रीन स्पेस शेयर करते नजर आएंगे।



# 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** फिल्म 'सॉन्ग्स ऑफ पैराडाइज' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। यह फिल्म ओटीटी पर इसी महीने रिलीज होगी। इसमें सोनी राजदान और सबा आजाद लीड रोल में हैं। यह फिल्म कश्मीर की पहली महिला सिंगर नूर बेगम (राज बेगम) की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म की कहानी पद्मश्री से सम्मानित कश्मीरी गायिका राज बेगम पर बनी हैं, जिन्हें कश्मीर की 'मेलोडी क्वीन' के नाम से भी जाना गया। ट्रेलर में उनके उस संघर्ष की झलक है, जिन्होंने उन्हें लोकप्रिय गायिका बनाया। वह दौर ऐसा था कि कश्मीर में महिलाओं को गाने की इजाजत नहीं थी। मगर, तब राज बेगम ने परिवर्तित नाम के साथ यह सफर शुरू किया, विरोध झेला और फिर लगन और मेहनत के बूते सफलता के शिखर पर पहुंचीं। फिल्म में सोनी राजदान और सबा आजाद दोनों ने राज बेगम का रोल अदा करते हुए अलग-अलग समयकाल को दिखाया है। ट्रेलर की शुरुआत में एक शख्स नूर बेगम (सोनी राजदान) से उनकी कहानी पूछता है। वे कहती हैं, क्या करेंगे मेरी कहानी का? जवाब मिलता है, 'आपकी कहानी लोगों तक पहुंचाना बहुत जरूरी है'। अगले दृश्य में सबा आजाद की एंट्री होती है।



**खबर संक्षेप**

## स्थानांतरण होने पर व्याख्याता को समारोह में दी गई विदाई



**बिर्रा।** युक्तियुक्तरण में शासकीय डीडीएस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा के व्याख्याता उमाशंकर मरकाम, श्रीमती प्रेमलता साहू का अन्यत्र विघालय में स्थानान्तरण होने पर विघालय में विदाई सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सरपंच प्रतिनिधि एकादशियां साहू प्राचार्य सुनील कुमार कुरै शाला प्रबंधन अध्यक्ष खम्हनप्रसाद सिगसर्वा व्यापारी प्रकोष्ठ मणीलाल कश्यप देवचंद यादव की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में व्याख्याता उमाशंकर मरकाम श्रीमती प्रेमलता ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के तैलीय चित्र में माल्यार्पण कर अगरबत्ती से पूजा अर्चना किया गया। तत्पश्चात विघालय परिवार ने व्याख्याता उमाशंकर मरकाम श्रीमती प्रेमलता साहू को श्रीफल शाल पेन डायरी श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपस्थित विघार्थियों को संबोधित करते हुए व्याख्याता उमाशंकर मरकाम ने कहा इस शाला परिवार ने हमेशा स्नेह प्यार मिला है और इस विघालय के लिए मैंने जितना समय दिया है वह बहुत ही कम समय में आपके बीच रहा है वहीं श्रीमती प्रेमलता साहू ने कहा कि इस विघालय परिवार से मेरा हमेशा नाता रहेगा। वहीं जनपद सदस्य रितेश रमणसिह सिंह शाला प्रबंधन अध्यक्ष खम्हनप्रसाद सिगसर्वा देवचंद्र यादव व प्रभारी प्राचार्य सुनील कुमार कुरै ने अपना विचार व्यक्त किया। इस मौके पर विघालय शिक्षक राकेश साहू श्रीकांत राठौर शिक्षिका रामनीषा बेबी चौहान अनिता टोप्पो सुशील नेताम श्रीमती लक्ष्मी खुंटे श्रीमती संगीता कश्यप महादेव पटेल खीखराम मांझी रोहित पटेल सतीश मैत्री लिपिक राजेश पटेल श्रीमती मंजू सारथी के अलावा बिन्दू देवांगन प्रतिभा कुरै तूफान कुरै आदि।

## उच्च शिक्षा के क्षेत्र में लक्ष्मीनारायण को मिली राष्ट्रीय ओवरसीज़ स्कॉलरशिप

**हसौद।** विदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ग्राम हसौद निवासी लक्ष्मीनारायण धिरहे ने उल्लेखनीय



उपलब्धि हासिल कर पूरे क्षेत्र का मान बढ़ाया है। उन्हें भारत सरकार की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय ओवरसीज़ स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। इस छात्रवृत्ति के अंतर्गत वे ब्रिटेन के विश्वप्रसिद्ध लिवरपूल विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विषय में अध्ययन करेंगे। यह छात्रवृत्ति अत्यंत प्रतिस्पर्धी होती है, जिसमें पूरे देश से हजारों विद्यार्थी आवेदन करते हैं, लेकिन केवल चुनिंदा मेधावी विद्यार्थियों का ही चयन हो पाता है। लक्ष्मीनारायण का चयन इस बात का प्रमाण है कि ग्रामीण पृष्ठभूमि से भी प्रतिभावान छात्र परिश्रम और संकल्प के बल पर अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकते हैं।
लक्ष्मीनारायण ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा अपने गांव और ज़िले के विद्यालयों से प्राप्त की तथा उसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से राजनीति विज्ञान में स्नातक की डिग्री पूरी की। बचपन से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहने वाले लक्ष्मीनारायण ने अनेक कठिनाइयों और संसाधनों की कमी के बावजूद अपने लक्ष्य को कभी नहीं छोड़ा। उनकी मेहनत और लगन ने आज उन्हें यह ऐतिहासिक अवसर दिलाया है। अपनी सफलता पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लक्ष्मीनारायण ने कहा कि यह उपलब्धि उनके माता-पिता श्री भागवत प्रसाद और श्रीमती संतोषी के आशीर्वाद तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

## राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ राघवेंद्र का चयन

**अकलतरा।** अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक



शाला के छात्र राघवेंद्र मिश्रा का चयन राज्य स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता आगामी 28 से 31 अक्टूबर तक सरगुजा में आयोजित की जाएगी जिसमें छात्र राघवेंद्र मिश्रा प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने यह उपलब्धि शाला के व्यायाम शिक्षक संतोष यादव के निर्देशन में प्राप्त की। छात्र की उपलब्धि पर अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष सौरभ सिंह उपाध्याय अशोक अग्रवाल सचिव ईश्वर खंडेलिया तथा समस्त पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ ही शाला प्राचार्य आर के विश्वकर्मा एवं स्टाफ ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए छात्र के उत्तरोत्तर प्रगति की कामना की है।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक

**हसौद।** जवाहर नवोदय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय चयन परीक्षा-2026 के लिए ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि बुधवार 27 अगस्त तक बढ़ाई गई है। चयन परीक्षा 13 दिसम्बर को सुबह 11:30 बजे से आयोजित की जायेगी। इच्छुक विद्यार्थी जो शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले के किसी सरकारी या सरकार से मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5वीं में दिनांक 31 जुलाई तक प्रवेश लेकर अध्ययनरत रहेंगे। योग्य विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाईट https:// cbseitms. rcil.gov.in/nvs/Index/Registration पर जाकर ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

### बड़े-बड़े गड्ढ़े में कीचड़ और पानी भर जाने से स्कूली छात्रों सहित नागरिकों का चलना मुश्किल

# भारी वाहनों के चलने से सड़क बद से बदतर, आवागमन में हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| देवरी-सारागांव

जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी में रेलवे फाटक से शापूर्वमा शाला व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक की लगभग आधा किलोमीटर सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। इस मार्ग पर बड़े-बड़े गड्ढों बनने व पानी भर जाने से स्कूली छात्रों सहित आम नागरिकों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

गौरतलब है कि देवरी-सारागांव पश्चिम मध्य रेलवे स्टेशन में चौथी रेल लाइन विस्तार कार्य के अंतर्गत कई महीनों से निर्माण कार्य जारी है। साथ ही सड़क किनारे नाली निर्माण कार्य भी किया जा रहा है, जिसके कारण सड़क किनारे पर मिट्टी के ढेर लगे हैं। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र - छात्राएं मिडिल व हाईस्कूल पढ़ने आते जाते हैं, वहीं आस पास के ग्रामीण रेल यात्रा के लिए स्टेशन पहुंचते हैं। रेल निर्माण सामग्री ढोने वाले ठेकेदार के भारी हाइवा व ट्रेलर जैसे वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति बत से बदतर हो गई है। बारिश में बड़े बड़े गड्ढों होकर पानी भरकर कीचड़युक्त हो जाने से राहगीर व स्कूली बच्चे, फिसलकर गिर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि प्रारंभिक दौर में रेल्वे ठेकेदार द्वारा अस्थायी रूप से डस्ट डालकर सड़क की मरम्मत की गई थी, किंतु अब सड़क पुनः खराब गई है।



सड़क में बने गड्ढे एवं खड़े ग्रामीण।

**सड़क की मरम्मत नहीं होने पर काम बंद करने की चेतावनी**-24 अगस्त रविवार को गांव के सरपंच मनीष कुमार केवट, उपसरपंच रामनाथ टंडन, पंच विक्की साहू, रविशंकर मोंगरे, गीतेश राठौर, डॉ कैलाश निर्मलकर, डॉ नीलकंठ कालेलकर, शिवनंदन राठौर, राकेश कर्ष, प्रभात यादव, योगेंद्र साहू, अनिल लाठियां, राहुल लाठियां सहित गांव के लोगों ने ठेकेदार का मुंशी के माध्यम से रेल्वे ठेकेदार और रेल्वे के अधिकारी को अवगत कराकर खराब सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग रखी गई है। सरपंच मनीष कुमार केवट ने बताया कि सड़क मरम्मत के लिए ठेकेदार को कई बार बोल चुका हूं लेकिन ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## बाजार पारा से महामाया मंदिर तक नाली व सीसी रोड निर्माण की उठी मांग



**बम्हनीडीह।** नगर पंचायत बम्हनीडीह के बाजार पारा से लेकर महामाया देवी मंदिर तक नाली एवं सीसी रोड निर्माण की मांग जोर पकड़ रही है। इस संबंध में वार्ड क्रमांक 05 के निवासियों ने नगर पंचायत प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि बाजार पारा से मंदिर एवं शासकीय प्राथमिक शाला, शासकीय मिडिल स्कूल लाल बहादुर शास्त्री हाईस्कूल सेकेंडरी स्कूल तक जाने वाली सड़क पर बारिश का गंदा पानी बहता रहता है, जिससे बच्चों व राहगीरों को काफी परेशानी उठानी पड़ती है। नाले का गंदा पानी सड़क पर बहने से संक्रमण का खतरा बना रहता है और स्थानीय लोगों को बीमारी फैलने की आशंका सताती रहती है। बजरंग दल के जिला सह संयोजक मयंक सराफ ने बताया कि बरसों से इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। स्कूल जाने वाले छोटे-छोटे बच्चे और बुजुर्ग अक्सर गंदे पानी में होकर आने-जाने को मजबूर रहते हैं। इससे क्षेत्र में गंदगी और बीमारियों का खतरा और बढ़ जाता है। वार्डवासी मयंक सराफ,नमन अग्रवाल,संजू सिंघानिया ने मांग की है कि तत्काल बाजार पारा से महामाया मंदिर तक नाली एवं सीसी रोड का निर्माण कराया जाए, ताकि स्थानीय लोगों को राहत मिल सके। निवासियों ने आशा व्यक्त की है कि मुख्यमंत्री और शासन प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत ₹स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत₹ का सपना तभी साकार होगा, जब इस प्रकार की बुनियादी सुविधाएं आम जनता को उपलब्ध कराई जाएंगी।




## बालक वर्ग खो-खो में पिहरीद कबड्डी में घिवरा प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हसौद

जिला स्तरीय खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसदा में सु.श्री सुशीला सिन्हा सभापति जिला पंचायत सक्ती, श्रीमती विद्या महंत सदस्य जिला समिति सक्ती, दुर्गा लाल केंवट सदस्य जनपद पंचायत जैजैपुर एवं राकेश साहू अध्यक्ष विद्यालय संचालन समिति परसदा के आतिथ्य में हुआ।

■ सरस्वती शिशु मंदिर परसदा में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

सभी संकुल से 151 भैया बहन एवं 12 संरक्षक आचार्य दीदी कुल 163 की सहभागिता रही। समापन सत्र में श्रीमती उर्वशी खेम साहू सरपंच ग्राम पंचायत परसदा, विश्राम सागर साहू कोषाध्यक्ष जिला समिति सक्ती, भुवन श्रीवास संयोजक क्रीड़ा भारती जिला सक्ती, राकेश साहू अध्यक्ष विद्यालय संचालन समिति परसदा, रामपाल आदित्य व्यवस्थापक विद्यालय संचालन समिति परसदा, दशरथ माली सचिव विद्यालय संचालन समिति अमोंदा, मोतीलाल कश्यप संकुल प्रमुख घिवरा, विरेश्वर यादव संकुल प्रमुख मालखरौदा अतिथि के रूप में उपस्थित थे। बाल वर्ग खो खो में पिहरीद भैया बहन प्रथम, बाल वर्ग कबड्डी भैया में घिवरा प्रथम,बहन में मालखरौदा प्रथम स्थान एवं शिशु वर्ग कबड्डी भैया में परसदा प्रथम स्थान, खो-खो बहन में परसदा प्रथम स्थान पर रहे। निर्णायक के रूप में भुवन श्रीवास, विजय साहू, विरेश्वर यादव, मोतीलाल कश्यप, बाबूलाल धीवर, संजय केंवट, भूपेन्द्र केंवट, सुरेश कुमार रावत, शोभाराम चौहान, बुलेन्दर जायसवाल उपस्थित थे। भुवनेश्वर साहू प्रधानाचार्य परसदा एवं कु. मालती आदित्य, संतोष केवट, छबीलाल पटेल, बेदुलाल पटेल, अर्जुन यादव, कु.आरती साहू, कु.चोलेश्वरी साहू, कु. किरण साहू, कु. वर्षा केवट का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार ज्ञापित धर्मेन्द्र तिवारी जिला समन्वयक द्वारा किया गया।

## महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता ही असली सशक्तिकरण का आधार



**बिर्रा ।** ग्राम देवरानी में शक्ति क्लब द्वारा महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू ने कहा कि महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता ही असली सशक्तिकरण का आधार है। जब नारी सशक्त बनेगी तभी राष्ट्र का विकास होगा। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आत्मनिर्भर बनेंगी तो न केवल उनके परिवार बल्कि पूरा समाज और देश प्रगति करेगा। शक्ति क्लब ने नए अवसरों, आत्मनिर्भर और मार्गदर्शन को साझा करने का महत्वपूर्ण अवसर दिया है। कार्यक्रम में अन्य अतिथि के रूप में चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव, कसडोल विधायक संदीप साहू भी मौजूद थे। इस अवसर पर इंदिरा फेलोशिप महिला सशक्तिकरण के जिला संयोजिका निर्मला बरेठ, इंदिरा फेलोशिप के कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामवासी, पंचायत पदाधिकारी गण आदि उपस्थित थे।

## सच्ची मित्रता और भक्ति जीवन की सबसे बड़ी पूंजी : उपाध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय के वार्ड नंबर 17 में शर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के दौरान कथा वाचन आचार्य पंडित

■ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कृष्ण-सुदामा प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रोता

रामविलास उपाध्याय ने भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा के मिलन प्रसंग का मार्मिक वर्णन कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा श्रवण करने बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आचार्य उपाध्याय ने बताया कि सुदामा, श्रीकृष्ण के बचपन के घनिष्ठ मित्र थे। निर्धनता के बावजूद वे कभी ईश्वर के प्रति श्रद्धा और भक्ति से विचलित नहीं हुए। पत्नी के आग्रह पर वे कृष्ण से मिलने द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने चावल की पोटली भेंट की, जिसे भगवान ने अत्यंत प्रेम से ग्रहण किया। इस प्रसंग से यह संदेश मिलता है कि ईश्वर अपने भक्तों की भक्ति और सच्चे प्रेम को ही स्वीकार करते हैं, न कि भेंट के मूल्य को। कथा के दौरान उन्होंने कृष्ण के विभिन्न विवाह प्रसंगों का भी विस्तार से वर्णन किया। रुक्मिणी विवाह, सत्यभामा विवाह और जाम्बवती विवाह की कथाओं को सुनाकर उन्होंने बताया कि प्रत्येक विवाह समाज और धर्म को एक दिशा देने वाला था। शुक्रवार को कथा के दौरान कृष्ण-सुदामा प्रसंग सुनते ही श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। पंडित उपाध्याय ने कहा कि सुदामा प्रसंग हमें यह सीख देता है कि सच्ची मित्रता, निस्वार्थ भक्ति और ईश्वर के प्रति अटूट विश्वास ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। कथा श्रवण करने सुनील शर्मा, कुमुदनी शर्मा, सीता देवी शर्मा अनिल शर्मा, संजय शर्मा, विद्या शर्मा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।



श्रीमद् भागवत कथा सुनाते पंडित रामविलास उपाध्याय एवं श्रीकृष्ण एवं रुक्मणि के वेशभूषा में सजे बच्चे।

## बिहार के भटकते बालक को जिला बाल कल्याण समिति सक्ती ने कराई घर वापसी

**सक्ती।** नाबालिक बालक उम्र 12 वर्ष 27 जुलाई 25 को भटकते हुए ग्राम केरीबंधा पहुंचा जहां कोटवार को मिला। बालक से पूछताछ करने पर उसने बताया की वह रामचंद्रपुर थाना-लहेरी जिला-नालंदा (बिहार) का निवासी हैं। वह अपने पड़ोसियों के साथ घर में बिना बताये ट्रेन से पूरी दर्शन करने जा रहा था, लेकिन ट्रेन सक्ती स्टेशन में रूकी तो वह पानी पीने के लिए उतरा तभी अचानक ट्रेन छूट गई। वह पैदल पटरी पर चलते हुये केरीबंधा ग्राम पहुंच गया। कोटवार ने इसकी सूचना थाना-सक्ती को दिया, जहां थाना प्रभारी द्वारा फोन के माध्यम से जिला बाल संरक्षण अधिकारी एवं बाल कल्याण समिति सक्ती को सूचीत किया तथा कोटवार के द्वारा बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया। बालक को परामर्श प्रदान कर 28 जुलाई को जांजगीर के शासकीय बालगृह बालक में अस्थाई संस्थागत संरक्षण प्रदान किया गया। उसके बताए गए पतानुसार संबंधित राज्य के बाल कल्याण समिति से संपर्क कर बालक का सामाजिक जांच रिपोर्ट एवं बालक व परिजनों का आवश्यक दस्तावेज मंगवाकर सत्यापित पश्चात उसे परिजनों के सुपूर्द करने हेतु 18 अगस्त को एक आरक्षक एवं जिला बाल संरक्षण इकाई से समाजिक कार्यकर्ता को बालक के गृह राज्य बिहार भेजा गया।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

**अकलतरा।** सरस्वती शिशु मंदिर उ. माध्यमिक विद्यालय अकलतरा में छात्र सम्मान समारोह का आयोजन ओमप्रकाश साहू कोषाध्यक्ष शाला संचालन समिति के मुख्य आतिथ्य, गोपेश तुलस्यान के अध्यक्षता एवं शाला के पूर्व छात्र सुदीप सिंह चंदेल के विशिष्ट आतिथ्य में शाला सभागार में किया गया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का परिचय प्राचार्य केशव कुमार कौशिक के द्वारा कराया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ओमप्रकाश साहू ने कहा कि शाला के विद्यार्थी पूर्व में बोर्ड परीक्षाओं के प्रवीण सूची में स्थान प्राप्त करते आ रहे हैं। विद्यार्थी अपनी कड़ी मेहनत से इस परंपरा को कायम रखें। गोपेश तुलस्यान ने कहा कि पूरे देश में सरस्वती शिशु मंदिर को गुणवत्ता युक्त शिक्षा के साथ-साथ संस्कार प्रदान करने के लिए जाना जाता है। विशिष्ट अतिथि सुदीप सिंह चंदेल ने कहा कि आवश्यकता ही आविष्कार की जननी है। विद्यार्थी पूरे मनोयोग से परिश्रम करें एवं साला व परिवार का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में सत्र 2024-25 में कक्षा अरुण से बारहवीं तक अपने-अपने कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य खेमनाथ कश्यप एवं आभार प्रदर्शन प्रमोद यादव ने किया। कार्यक्रम में राकेश नायक, भू धर जायसवाल, संदीप कुंभरे, शिव कुमार साहू , गौतम श्रीवास प्रकाश साहू अशोक कुमार शुक्ला, राम कुमार जायसवाल सहित शाला के आचार्य, आचार्या, कर्मचारी उपस्थित रहे।



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

## साइबर व महिला संबंधी अपराध के बारे में ग्रामीणों को दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बम्हनीडीह

थाना बम्हनीडीह के ग्राम पोड़ीशंकर में 24 अगस्त को पुलिस द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को राहवीर योजना, मादक पदार्थों की तस्करी व सेवन से होने वाले दुष्परिणाम, हिट एंड रन, महिला संबंधी अपराध एवं साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी कृष्णपाल सिंह ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में अपराध रोकथाम एवं सुरक्षित वातावरण बनाने के लिए जनसहभागिता सबसे जरूरी है। उन्होंने राहवीर योजना की जानकारी देते हुए लोगों से अपील की कि सड़क हादसों में घायलों की मदद करने में किसी प्रकार की कानूनी परेशानी नहीं होगी। प्रधान आरक्षक सुनील सिंह ने नशे से दूर रहने की सलाह दी और बताया कि मादक पदार्थ न केवल स्वास्थ्य के लिए घातक हैं बल्कि समाज व परिवार को भी बर्बाद करते हैं। कार्यक्रम में उप सरपंच विशाल सिसोदिया, सरपंच पति कोमल जायसवाल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से कराने की मांग की।



ग्रामीणों को जानकारी देते थाना प्रभारी।

### सबरिया समाज को शराब बनाने की जगह कृषि क्षेत्र मे जोड़ने की पहल

# जिले को अपराध मुक्त बनाने बिहान की दीदियों से चर्चा करने पहुंचे एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहेराडीह

जिले को अपराध मुक्त बनाने तथा सबरिया समाज को कच्ची शराब बनाने के काम को बंद कर कृषि क्षेत्र मे जोड़ने की पहल करने वाले एसपी विजय पाण्डेय आरसेटी मे प्रशिक्षण लें रहीं बिहान की क्रृषि सखी और पशु सखियों से चर्चा करने पहुंचे।

उन्होंने प्रशिक्षण संस्थान के डायरेक्टर लक्ष्मीनारायण सिंकू से कृषि क्षेत्र दी जाने वाली प्रशिक्षण कार्यक्रमो के बारे मे जानकारी लिया। एसपी विजय पाण्डेय ने बताया कि जिले मे सबरिया समाज लम्बे समय से महुआ की कच्ची शराब बनाने के कारोबार मे लिप्त हैं। उन्हें इस कारोबार से हटाकर कृद्यषि क्षेत्र मे जोड़ा जायेगा। इसके लिए उन्हें शासन के अलग अलग विभागों और आरसेटी मे कृषि क्षेत्र मे दी जाने वाली प्रशिक्षण कार्यक्रम से जोड़कर प्रशिक्षित किया जायेगा और शासन के द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जायेगा। एसपी की इस पहल की सराहना करते हुए आरसेटी जांजगीर में कृषि क्षेत्र मे बिहान की क्रृषि और पशु सखी दीदियों को प्रशिक्षण दें रहें मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि सबरिया समाज के लोग कृषि क्षेत्र मे धान की खेती, दलहन, तिलहन, सब्जी खेती, बकरी पालन, मुर्गी पालन आदि के कारोबार कर रहें हैं। अधिकतर लोगों के पास क्रृषि कार्य हेतु ट्रेक्टर भी है। बस उन्हें जरुरत हैं कृषि क्षेत्र मे तकनिकी जानकारी और शासन की योजनाओं से जोड़ने की। मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव से इस सलाह से एसपी विजय पाण्डेय खूब प्रभावित हुए और सबरिया समाज के लोगों को क्रृषि विभाग, उद्यान विभाग, पशुधन विकास विभाग, आरसेटी, एनआरएलएम बिहान, रेशम विभाग, क्रृषि विज्ञान केंद्र, क्रृषि महाविद्यालय, लाईवलीहुड कॉलेज, नाबार्ड, वन विभाग, मत्स्य विभाग, मनरेगा आदि से जोड़कर प्रशिक्षण और योजनाओं से जोड़ने की सलाह पर कार्ययोजना बनाने की बात कहीं। इस मौके पर फेकेल्टी अरुण पाण्डेय, किशन रजक, चंद्र प्रकाश गढ़ेवाल, दाताराम कश्यप, बंशीलाल यादव और बिहान की कृषि सखी और पशु सखी विशेष रूप से उपस्थित थे।



बिहान की कृषि सखी और पशु सखी को जानकारी देते पुलिस अधीक्षक।

